तापमान

अधिकतम 29 .3 डिग्री

न्यूनतम 16 .9 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026


12 जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य पांच किलो के सिलेंडर उपलब्ध



12 सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए किया प्रेरित, दाखिला रथ कई...



## खबर संक्षेप

### 10.26 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक शातिर नशा तस्कर को 10.26 ग्राम हेरोइन और तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की खेप लेकर नेशनल हाईवे 152 डी की ओर से गांव नडियाली जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव नडियाली मोड़ पर नाकाबंदी की और संदिग्ध गाड़ी को रुकवाया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10.26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिम्मत सिंह उर्फ सोनी, वासी गांव नडियाली के रूप में हुई है।

### चोरों ने घर का ताला तोड़कर चुराई नकदी व गैस सिलेंडर

**यमुनानगर।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित त्रिकोणी पार्क के पास चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर नकदी व गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार त्रिकोणी पार्क निवासी राजेंद्र कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पांच अप्रैल को दोपहर दो बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। अगली सुबह जब नौ बजे वह वापस घर लौटा तो घर के गेट का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर में रखी आलमारी खुली हुई थी उसके अंदर से पांच हजार रुपये तथा घर से एक गैस सिलेंडर गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### मारपीट के आरोप में चार युवकों पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव झंडा में कहासुनी होने पर चार युवकों ने गांव के ही शीशपाल को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव झंडा निवासी शीशपाल ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही हैप्पी, हर्ष, कुलदीप उर्फ चीमा तथा रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। शीशपाल ने बताया कि पांच अप्रैल को रात 10 बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान चारों आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

### नशा तस्कर को 10 साल की कैद

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी गौरव पुत्र बृजमोहन निवासी वधवाराम कालोनी पानीपत को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं जज चौधरी की अदालत ने गौरव पर एक लाख रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर गौरव को एक साल का अतिरिक्त कारवास भोगना होगा। दोषी गौरव पर तीस फरवरी 2019 को किला थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 20 के तहत केस दर्ज किया था।

### नशीले पदार्थ की खेप के साथ आरोपी पकड़ा

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भरत गुप्ता पुत्र प्रेम निवासी शेरपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी डाढोला रोड, पानीपत को 12 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी भरत गुप्ता, बरामद हुआ गांजा, मध्य प्रदेश से खरीद का लाया था। वहीं भरत पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करी के इस गैंग को पकडने के लिए पुलिस ने भरत को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है।

## बारिश के कारण फसल कटाई का काम रुका

# दिनभर रुक-रुककर जारी रही बारिश गेहूं की फसल को पहुंचा नुकसान

***मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला। मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर रूक-रूककर बारिश का दौर भी जारी रहा। बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश ने मौसम में ठंडक तो बढ़ी लेकिन किसानों के लिए मुश्किलें भी खड़ी हो गईं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार हुई इस बारिश का सबसे ज्यादा असर खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर पड़ा है। खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह भीग गई है। इससे किसानों को उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को लेकर चिंता सता रही है।

किसान बीरबल ने बताया कि इस समय क्षेत्र में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और किसान तेजी से कटाई के काम में लगे हुए थे। अचानक हुई बारिश के कारण कटाई का काम रुक गया है। उनका कहना है कि अगर मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो गेहूं की फसल में नमी बढ़ने से दाने खराब होने का खतरा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान राम अवतार ने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों में जिन खेतों में गेहूं की कटाई हो चुकी थी, वहां फसल के अवशेष से तूड़ी बनाने की तैयारी चल रही थी, लेकिन बारिश के कारण यह काम भी पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि खेतों में पानी भरने और नमी बढ़ने से तूड़ी तैयार करने की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है, जिससे पशुपालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं क्षेत्र में गेहूं की कटाई के लिए आई कंबाइन मशीनें भी बारिश के कारण बंद हो गई हैं। खेतों में गीलापन होने की वजह से मशीनें काम नहीं कर पा रही हैं। इससे मशीन मालिकों के साथ-साथ कटाई से जुड़े मजदूरों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश दोबारा हुई या मौसम ज्यादा दिनों तक खराब रहा तो कटाई का पूरा शेड्यूल प्रभावित हो सकता है।



कुरुक्षेत्र। खेत में पककर तैयार खड़ी फसल।

### अब तक 6.50 मीट्रिक टन गेहूं का खरीद कार्य किया एजेंसियों ने किया

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की मंडियों और खरीद केन्द्रों में अब तक 6.5 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभिन्न एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। इस जिले में लगभग 1035 किसानों की बायोमेट्रिक हो चुकी है। इस सीजन में किसानों को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और उपमंडल स्तर पर एसडीएम को किसानों की समस्या और उनका समाधान करने की ड्यूटी भी लगाई गई है। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2026-27 के खरीद कार्य के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि गेहूं में काफी मात्रा में नमी है। इसलिए किसान गेहूं की फसल को सुखाकर लाए। उन्होंने कहा कि किसानों को गेट पास और बायोमेट्रिक में कोई दिक्कत नहीं आएगी। किसान अपनी समस्या हैफेड या अन्य एजेंसियों के समक्ष रख सकते है।

### 1035 किसानों की हो चुकी है बायोमैट्रिक

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले की हर मंडी और खरीद केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा में बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। इस जिले में 6 अप्रैल तक 1035 किसानों की बायोमेट्रिक हो चुकी है। इस प्रणाली से किसी भी किसान को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।अगर किसी किसान को दिक्कत आती है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम या फिर मंडी के अधिकारियों से सीधे बातचीत कर सकता है। यह सुविधा किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### कुरुक्षेत्र में 405 मीट्रिक टन सरसों की खरीद का कार्य हुआ पूरा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की विभिन्न मंडियों में सरसों की खरीद का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। इस जिले में 6 अप्रैल तक 405 मीट्रिक टन हैफेड की तरफ से खरीदी जा चुकी है। अब तक 241 किसान सरसों की फसल लेकर मंडियों में पहुंचे है।

### बूंदाबांदी से पीला सोना भीगता रहा, किसानों की चिंता बढ़ी



**तरावड़ी।** दिनभर शहर में रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी का असर तरावड़ी अनाज मंडी में गेहूं की खरीद पर साफ तौर पर देखने को मिला। मौसम के बदलते मिजाज के चलते मंडी में पहुंची गेहूं की फसल को सुरक्षित रखने को लेकर आढ़तियों और किसानों की चिंता बढ़ गई। मंडी में अब बने नये फड़ पर खुले में रखी गेंहू की फसल दिनभर बरसात मे भीगती रही लेकिन किसी ने आड़ती या कमेटी के कर्मचारी ने फसल को ढकने का प्रयास नही किया। मंडी में अन्य स्थानों पर खुले में रखी गई गेहूं की फसल को बारिश से बचाने के लिए आढ़तियों द्वारा तिरपाल (प्लास्टिक की तरपाल) का सहारा लिया गया है। अधिकांश आढ़तियों ने पहले से ही तिरपाल की व्यवस्था कर ली थी, जिससे हल्की बूंदाबांदी के बावजूद फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, जहां-जहां इंतजाम कमजोर रहे, वहां गेहूं के भीगने की आशंका भी बनी रही। अगर रात को तेज बरसात हुई तो यह सारे इंतजाम धरे रह जायेगें। आढ़तियों का कहना है कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए वे पहले से ही सतर्क हैं और फसल को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मंडी में मजदूरों की मदद से गेहूं के ढेरों को ढकने और ऊंचे स्थान पर रखने का काम लगातार जारी रहा। वहीं, किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी में पुख्ता शेड और स्थायी इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके। किसानों का कहना है कि हर साल बारिश के कारण फसल को नुकसान का खतरा बना रहता है, इसलिए स्थायी समाधान बेहद जरूरी है।



इंद्री। नागरिक अस्पताल इंद्री में इलाज के लिए लाया गया आरोपी ।

# गो हत्या मामले के आरोपी को टांग में लगी गोली, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के पास पश्चिमी यमुना नहर की पटरी पर सोमवार देर रात सीआईए-वन की टीम और पिछले दिनों इंद्री मे हुए गौ हत्या मामले के दो आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक आरोपी की टांग में गोली लग गई। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल आरोपी को पहले इंद्री के नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उसे करनाल रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी नरेंद्र बिजारणिया, डीएसपी सतीश गौतम और डीएसपी राजीव भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए ।

डीएसपी सतीश गौतम ने बताया कि कुछ दिन पहले इंद्री में सामने आए गौ हत्या मामले के फरार आरोपियों की तलाश में सीआईए-वन की टीम जुटी हुई थी। सोमवार रात टीम जब इंद्री से जैनपुर जाने वाली नहर पटरी पर पहुंची तो सामने से मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सीआईए वन पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी पानीपत के राणा माजरा निवासी नकीम की टांग में गोली लग गई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल बरामद की हैं। गौरतलब है कि इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## रंजिश के चलते युवक पर चाकू से वार कर किया जान से मारने का प्रयास

यमुनानगर। शहर की बैंक कॉलोनी में एक युवक ने कॉलोनी के ही गौरव पर रंजिश के चलते चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बैंक कॉलोनी निवासी गौरव ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही दीपक के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी दीपक उसे रंजिश रखने लगा। गौरव ने बताया कि पांच अप्रैल को दोपहर एक बजे वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी दीपक ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# वर्क वीजा पर सिंगापुर भेजने के नाम पर हड़पे साढ़े तीन लाख

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज
- आरोप नारायणगढ़ निवासी हर्ष, सागर और आकाश पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्क वीजा पर सिंगापुर भेजने के नाम पर गांव नाहरपुर निवासी महफूज से साढ़े तीन लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जिला अंबाला के नारायणगढ़ निवासी हर्ष, सागर व आकाश पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव नाहरपुर निवासी महफूज ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि जिला अंबाला के नारायणगढ़ निवासी हर्ष, सागर व आकाश लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। 26 फरवरी 2025 को वह आरोपियों को मिला। आरोपियों ने उसे वर्क वीजा पर सिंगापुर भेजने का आश्वासन दिया।

इसके लिए आरोपियों ने साढ़े तीन लाख रुपये का खर्च बताया। उसने आरोपियों के कहने पर उन्हें अलग-अलग करके साढे तीन लाख रुपये दे दिए। मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। आरोपियों से बात करने पर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे तीन चेक दिए। जब उसने वह चेक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से कार चालक की मौत

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव जोगीवाड़ा के पास ट्रैक्टर ट्राली के टक्कर लगने से कार चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार गांव मेरूवाला निवासी गोल्डी ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव काटरवाली निवासी 29 वर्षीय सचिन चार अप्रैल को अपनी कार से रात को घर लौट रहा था। जब वह गांव जोगीवाड़ा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने सचिन की कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल सचिन को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान सचिन की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

# एम्बुलेंस के उड़े परखच्चे, कॉलेज बस की लापरवाही से हुए हादसे में दो की मौत

- मरीज को अस्पताल में छोड़कर वापस लौट रहा था चालक, बस चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

शहजादपुर-अंबाला रोड पर गांव धनाना के नजदीक एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें एक निजी कॉलेज बस और एम्बुलेंस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एम्बुलेंस चालक और उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई । मृतकों की पहचान शहजादपुर के लगभग 32 वर्षीय लक्ष्य और गांव डेहर के एम्बुलेंस चालक 42 वर्षीय बलविंदर के रूप में हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, हादसे में जान गवाने वाले लक्ष्य के जीजा बरवाला के जितेंद्र कुमार उसके ससुर जगदीश चंद पिछले कुछ समय से बीमार थे। सोमवार को उन्हें नारायणगढ़ से एक निजी एम्बुलेंस के जरिए अंबाला के अस्पताल ले जाया गया था। वापसी में एम्बुलेंस में जितेंद्र का साला लक्ष्य (32 वर्ष) और ड्राइवर बलविंदर सिंह (42 वर्ष) सवार थे।



शहजादपुर। हादसे में क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस व मृतक लक्ष्य।

**हादसे के बाद का मंजर**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहजादपुर ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने ड्राइवर बलविंदर सिंह और लक्ष्य को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके पर भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# 10 मिनट में 15 भेड़ें चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सीसीटीवी के जरिए मिली कामयाबी

- कार में आए नकाबपोश बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

साहलेपुर गांव में शनिवार देर रात एक कार में 15 भेड़ें चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार को भी कब्जे में ले लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। ताकि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जींद के बढैन गांव के रहने वाले हाकम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई रिट्ज कार को भी कब्जे में ले लिया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि चोरी की गई भेड़ों को आरोपी मनी को बेच दिया है जोकि उन्हें कटने के लिए भेज देता है। आरोपी से भेडें बेचकर प्राप्त राशि भी बरामद की गई है।

भेड़ चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। जिसमें आरोपियों की कार का नंबर स्पष्ट दिखाई दे रहा था । हालांकि आरोपियों ने कार के नंबर से छेड़छाड़ की हुई थी लेकिन इसके बावजूद पुलिस आरोपियों के गिरेबान तक पंहुच गई । मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने लोगों से और पंचायतों से सीसीटीवी लगवाने और उन्हें सही रखने की अपील की है। बता दें कि शनिवार देर रात करीब 1:40 बजे एक रिट्ज कार में सवार तीन नकाबपोश बदमाश गांव साहलेपुर में भेड़ पालक सतीश कुमार के बाड़े में घुस महज 10 मिनट में 15 भेड़ें चोरी कर फरार हो गए थे। सुबह घटना का पता चलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था।



मुलाना। पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी।

## इलेक्ट्रॉनिक कांटे का इस्तेमाल न होने से किसानों ने किया प्रदर्शन

# पारसी कांटे पर गेहूं की तुलाई करने पर भड़के किसान

- ऑर्डर किए गए इलेक्ट्रॉनिक कांटे, अभी नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

सरदेहड़ी खरीद केंद्र में पुराने पारसी कांटे पर गेंहू फसल की तुलाई पर भारतीय किसान युनियन शहीद भगतसिंह के सदस्यों ने जसप्रीत सिंह की अध्यक्षता में रोष व्यक्त किया । उन्होंने आढ़तियों से सरकारी नियमानुसार इलेक्ट्रॉनिक कांटा प्रयोग करने को कहा । जिसके बाद उन्होंने मंडी प्रधान को भी इलेक्ट्रॉनिक कांटा प्रयोग न करने बारे पूछा तो जवाब था कि कांटे आर्डर किए गए लेकिन पंहुचे नहीं है। संतुष्टि भरा जवाब न मिलने पर यूनियन सदस्यों ने बराड़ा मार्केट कमेटी सचिव राहुल कुमार को फोन पर सूचित किया । जिसके बाद मौके पर बराड़ा मार्केट कमेटी सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार सरदेहड़ी पंहुचे तो खरीद केंद्र में पारसी कांटे मिले। बताया जा रहा है कि अधिकतर आढ़तियों के पास इलेक्ट्रॉनिक कांटा था ही नहीं । यहां पर नियमों को ताक पर रखकर बिना इलेक्ट्रॉनिक कांटे के गेहूं तुलाई जारी थी। इस पर सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार ने आढ़तियों को इलेक्ट्रॉनिक कांटे का प्रयोग करने बारे कहा और अंतिम चेतावनी देते हुए खरीद केंद्र सरदेहड़ी की तीन आढ़ती फर्मों के दो-दो हजार रुपये की चालान किए । कार्रवाई के बाद यूनियन सदस्य संतुष्ट नजर आए । मौके पर यूनियन सदस्यों में कुलदीप राणा, काला मंधार,इकबाल सिंह व अन्य मौजूद रहे । मार्केट कमेटी के सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार ने बताया कि सरदेहडी मंडी में डिजिटल कांटा न होने के चलते तीन फर्मों के दो-दो हजार रुपये के चालान किए है । साथ ही आढ़तियों को चेतावनी दी गई है कि अगर इसके बाद कोई फर्म डिजिटल कांटे के अलावा तुलाई करती पाई गई तो उनके लाइसेंस पर कार्रवाई की जाएगी।



मुलाना। विरोध प्रदर्शन करते हुए किसान।

## खबर संक्षेप



### भाजपा की नीतियों से करवाया अवगत

**रादौर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से मुलाकात की व उनका हाल चाल जाना। मौके पर मंत्री ने कार्यक्रर्ताओं व लोगों को भाजपा सरकार एवं भाजपा संगठन के कार्यो से अवगत करावाय। जनसम्पर्क अभियान में मंत्री के साथ जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी भी मौजूद साथ रहे। कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मेहनत के साथ पार्टी को आगे बढाने का काम कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सशक्त नेतृत्व एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के मार्गदर्शन में हरियाणा तेज गति से प्रगति कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को आम जनता के साथ लगातार सम्पर्क करना चाहिए। जमीनी स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और कुशल बनाना है।

### शारीरिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य है जरूरी

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को वर्ल्ड हेल्थ डे पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन की यूथ रेड क्रॉस की ओर किया गया। मौके पर सिविल अस्पताल रादौर से डॉ. अरविन्द मेडिकल ऑफिसर मुख्य रूप से मौजूद रहे। डा. अरविन्द द्वारा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। डॉ. अरविंद ने कहा कि आज के समय में शारीरिक मानसिक सामाजिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य की आवश्यकता है, जिसके लिए स्वस्थ वातावरण की आवश्यकता होती है। मनुष्य को स्वयं बनाकर पौष्टिक आहार लेना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर उन्होंने बताया कि हमें इस हद तक किसी को संतुष्ट करना चाहिए। जहां तक हमारी शांति भंग ना हो ऐसा ना हो कि हम दूसरों को खुश करते.करते स्वयं को ही भूल जाए।

### बौद्धिक संपदा के महत्व के प्रति जागरूक किया

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को बौद्धिक संपदा अधिकार इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का आयोजन संस्थान के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के लिए किया गया। इसका उद्देश्य उन्हें बौद्धिक संपदा के महत्व एवं उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। सत्र के मुख्य रूप से डॉ. अमनदीप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर स्कूल ऑफ लॉ, आईआईएलएम मौजूद रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं डिजाइन जैसे विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार एवं शोध कार्यों में आईपीआर के महत्व को समझाया। बताया कि किस प्रकार अपने विचारों व आविष्कारों को कानूनी संरक्षण दिया जा सकता है।

*बुजुर्ग महिला चंदो देवी का काट दिया गया बीपीएल कार्ड*

# रादौर की बुजुर्ग महिला की आईडी में जोड़ दिए गए नारनौल के संपन्न परिवार के लोगों के नाम



यमुनानगर के रादौर की बुजुर्ग महिला चंदो देवी अपनी व्यथा बताते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर की 65 वर्षीय महिला चंदो देवी सरकारी तंत्र की लापरवाही का खामियाजा भुगतने के लिए मजबूर हो गई है। हैरत की बात यह है कि बुजुर्ग चंदो देवी की आईडी में नारनौल के किसी संपन्न परिवार के नाम जोड़ दिए गए हैं।

जिसकी वजह से उसका बीपीएल कार्ड काट दिया गया है। बुजुर्ग चंदो देवी अपनी फैमिली आईडी से संपन्न परिवार के नामों को कटवाने और बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए दर दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो गई है। चंदो देवी ने सरकार से लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और उसका बीपीएल कार्ड बनाए जाने की मांग की है।

- बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए दर दर भटक रही बुजुर्ग महिला
- लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई

नगरपालिका रादौर के वार्ड नंबर चार निवासी 65 वर्षीय चंदो देवी ने बताया कि वह अकेली रहती है। वह अपना गुजारा बुढ़ापा पैंशन मिलने और बीपीएल कार्ड पर मिलने वाले राशन से चलाती है। मगर सरकारी तंत्र की लापरवाही ने उसकी फैमिली आईडी में पहले भिवानी के एक परिवार को जोड दिया गया था। बाद में फैमिली आईडी से उस परिवार को काटा गया। इसके बाद उसकी फैमिली आईडी में नारनौल के एक संपन्न परिवार की फैमिली के नामों को जोड़ दिया गया। जिनकी आय काफी अधिक है। जिस कारण उसका बीपीएल राशनकार्ड काट दिया गया। अब वह अपनी फैमिली आईडी मे जोड़े गए नामों को कटवाने के लिए कई बार आवेदन कर चुकी है। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उसने बताया कि इस संबंध में वह उच्चाधिकारियों को कई बार शिकायत दे चुकी है। मगर अभी तक उसकी आईडी से ना तो उस संपन्न परिवार के नामों को हटाया गया है और ना ही उसका बीपीएल कार्ड बनाया गया है। उसे अब राशन डिपो से राशन भी नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से उसे अपना गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है। उसने प्रदेश के मुख्यमंत्री से उसकी फैमिली आईडी में संपन्न परिवार का नाम जोड़ने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने व उसका बीपीएल कार्ड बनाए जाने की मांग की है।

## विश्वकर्मा चौक से महाराणा प्रताप चौक तक होगा सड़क का सौंदर्यीकरण

# 2.40 करोड़ रुपये की लागत से होगा बाईपास रोड का सौंदर्यीकरण : मेयर



यमुनानगर बाईपास रोड के सौंदर्यीकरण बारे जानकारी देती नगर निगम मेयर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की सुंदरता और यातायात मार्गों को बेहतर स्वरूप देने की दिशा में नगर निगम ने एक और बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 40 लाख 64 हजार रुपये की लागत से विश्वकर्मा चौक से महाराणा प्रताप चौक तक बाईपास रोड का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास बुधवार को मेयर सुमन बहमनी और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा संयुक्त रूप से करेंगे।

- सड़क के दोनों ओर टाइल वर्क, फुटपाथ सौंदर्यीकरण, किनारों की समतलीकरण, हरित पट्टी और अन्य सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य कराए जाएंगे

निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर नारियल फोड़कर कार्य की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। यह शिलान्यास वार्ड 15 की पार्षद मनु कृष्ण सिंगलाए वार्ड 16 से पार्षद संदीप धीमानए वार्ड 17 से पार्षद दीक्षित धीमान की उपस्थिति में होगा।

मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि इस परियोजना के तहत सड़क के दोनों ओर टाइल वर्क, फुटपाथ सौंदर्यीकरण, किनारों की समतलीकरण, हरित पट्टी और अन्य सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य कराए जाएंगे। इस मार्ग को शहर के प्रमुख प्रवेश और आवागमन मार्गों में शामिल किया जाता है। इसलिए इसके सौंदर्यीकरण से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि शहर की समग्र छवि भी और आकर्षक बनेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप देना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विश्वकर्मा चौक से महाराणा प्रताप चौक तक का यह मार्ग लंबे समय से व्यस्ततम मार्गों में गिना जाता है।

यहां प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क किनारों का व्यवस्थित और सुंदर होना शहर की पहचान को नई दिशा देगा।

परियोजना के पूरा होने के बाद सड़क के दोनों ओर टाइल युक्त पैदल मार्ग बनने से राहगीरों को भी काफी सुविधा मिलेगी। इसके साथ-साथ सड़क का दृश्य सौंदर्य बढ़ने से आसपास के क्षेत्र का व्यावसायिक महत्व भी बढ़ने की संभावना है।

निगम द्वारा इस कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि नागरिक जल्द इसका लाभ उठा सकें। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है और इसी सोच के साथ यह कार्य शुरू किया जाएगा।

### मानवता की सेवा ही मानव जीवन का मूल उदेश्य : पाल

**रादौर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा पंजाबी धर्मशाला रादौर में समागम का आयोजन किया गया। समागम में निरंकारी मिशन के शाहबाद जोन के जोनल प्रभारी सुरेंद्र पाल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

जोनल प्रभारी सुरेंद्र पाल ने बताया कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य परमात्मा की पहचान करना और मानवता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य अपने अंदर के अहंकार व भेदभाव को समाप्त नहीं करता है। तब तक वह सच्चे सुख व शांति का अनुभव नहीं कर सकता है।

परमात्मा एक है और वह हर कण में विद्यमान है। आवश्यकता केवल उसे जानने और समझने की है। ज्ञान प्राप्ति के बिना मनुष्य अज्ञानता में भटकता रहता है। जबकि सत्संग के माध्यम से उसे सच्चाई का मार्ग मिलता है। उन्होंने संगत को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें प्रेम, सहनशीलता व भाईचारे की भावना को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।



यमुनानगर की स्पेशल सेल टीम द्वारा चोरी के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी चोर। फोटो : हरिभूमि

# चोरी के दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की मनोहर कॉलोनी में बंद पड़े मकान में चोरी के मामले में जिला पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से 30 ग्राम सोना बरामद किया गया।

- आरोपियों से 30 ग्राम सोना किया गया बरामद

स्पेशल सेल टीम के इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि गांव जटेहडी निवासी संदीप कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह इस मकान में दो साल से किराए पर रह रहा है। 13 जनवरी को रात वह रिश्तेदारी में गया था। सुबह जब जाकर देखा तो गेट का ताला लगा हुआ था और गेट खोलकर जब अंदर गया तो अंदर के कमरों की कुंडी टूटी हुई थी।

दरवाजा खुला हुआ था और कमरे में रखी अलमारी में से उसके सोने व चांदी के जेवरात गायब थे। शिकायत पर संबंधित थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। तफ्तीश के दौरान टीम को सूचना प्राप्त हुई कि बादल उर्फ राणा पुत्र पाली वासी डेहा बस्ती निवासी तीर्थ नगर व रोहित पुत्र काला निवासी अंबाला डेहा बस्ती अंबाला कैंट जो एक मुकदमे में जिला जेल जगाधरी मे बंद है।

आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपियों ने 13 जनवरी को इस वारदात को करना कबूल किया था। रिमांड के दौरान आरोपियों से 30 ग्राम सोना बरामद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अनाज मंडी रादौर में लगाया गया भंडारा

**रादौर।** कस्बा की अनाजमंडी एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को मंडी परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ में आहुति डालकर मंडी एसोसिएशन की ओर से आढ़तियों व किसानों की सुख समृद्धि के साथ साथ अच्छी फसल की कामना की गई। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन रूपेंद्र मल्ली व सचिव राजीव चोपड़ा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके साथ प्रवीन अग्रवाल, मान सिंह आर्य, पूर्ण आहूजा, संदीप टोपरा भी मौजूद रहे। चेयरमैन ने बताया कि हर वर्ष फसल मंडी में पहुंचने की खुशी में व समाज की सुख शांति की कामना को लेकर भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी आढ़ती अपना बढ़ चढ़कर सहयोग करते है। मंडी में फसल पहुंचने पर आढ़ती, किसान व मजदूर सभी खुश होते है।

# मुख्यमंत्री पांच को कुरुक्षेत्र से श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए करेंगे विशेष ट्रेन रवाना : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए पांच मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। इस यात्रा के लिए वरिष्ठ नागरिक 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस निःशुल्क यात्रा लाभ वही नागरिक उठा सकते हैं। जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। । योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।



यमुनानगर में अपने कार्यालय में निःशुल्क ट्रेन यात्रा की जानकारी देतीं उपायुक्त प्रीति।

#### योजना के लिए यह होगी पात्रता

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं। जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी) परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। आवेदक का हरियाणा का निवासी होना और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। वरिष्ठ नागरिक को एक सहायक को पूर्ण भुगतान पर साथ ले जाने की अनुमति है। वहीं, 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग या 1.80 लाख से अधिक आय वाले सहायक इस योजना का लाभ पूर्ण भुगतान कर उठा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है। - पंजीकरण के बाद डीआईपीआरओ कार्यालय में देनी होगी। आवेदन करने के उपरांत आवेदक को सूचना अपने अपने जिला में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में अवश्य देनी होगी। ताकि पात्र व्यक्तियों की सूचना रेलवे को समय पर भेजी जा सके। पंजीकृत व्यक्ति 16 अप्रैल से पहले यह सूचना डीआईपीआरओ कार्यालय में अवश्य दें।

# जबरन गेहूं की फसल काटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव टीन का माजरा निवासी जितेंद्र कुमार ने गांव के ही तीन लोगों पर उसकी जमीन से जबरन गेहूं की फसल काटने, लड़ाई झगड़ा करने व जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जितेंद्र कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी गांव में जमीन है। उसने अपनी जमीन पर गेहूं की फसल उगाई हुई है। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी थी।

- विरोध करने पर मारपीट तथा जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप, तीन पर केस दर्ज

आरोप है कि गांव के ही मलकीत सिंह, नवजोत सिंह व अजीत सिंह ने उसकी जमीन से जबरन गेहूं की फसल काट ली। उसे जब इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों का विरोध किया। उसने फसल काटने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया और उसे जाति सूचक शब्द बोले। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मार्केट कमेटी की बैठक में मंडियों में विकास कार्य करवाने के प्रस्ताव मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल, मार्केट कमेटी सचिव ऋषि राज यादव व अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में छछरौली मंडी एवं प्रताप नगर मंडी में साफ सफाई, पीने के शुद्ध पानी, बिजली व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही अनाज मंडियों में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा हुई।

चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि मंडी में एक वाटर कूलर ओर मंजूर कर उसे लगाया जा रहा है। इसी प्रकार मंडियों में शौचालयों की साफ सफाई के लिए भी कहा गया है। बताया कि अनाज मंडी में आढ़तियों एवं किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मंडियों में गेट पर किसानों के ट्रैक्टर ट्राली के साथ फोटो करके ऑनलाइन गेट पास काटे जा रहे हैं व बायोमेट्रिक भी की जा रही है।

# जिले की मंडियों में बढ़ने लगी गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक धीरे-धीरे बढ़ रही है। मंडियों में एजेंसियों द्वारा अभी तक 5762.8 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1370 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2613.8 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा 1779 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

- एजेंसियों द्वारा 5762 .8 मीट्रिक टन की गई गेहूं की खरीद

जिला उपायुक्त प्रीति ने बताया कि चालू रबी सीजन में छह अप्रैल तक जिला की व्यासपुर मंडी में 240.5 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 426.3 मीट्रिक टन, जगाधरी अनाज मंडी में 1456 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर अनाज मंडी में 64 मीट्रिक टन, सरस्वतीनगर अनाज मंडी में 1299 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 944 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसके साथ ही रणजीतपुर अनाज मंडी में 181 मीट्रिक टन, रसूलपुर अनाज मंडी में 191 मीट्रिक टन व साढौरा में 961 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

**भंडारा भी हुआ** | रादौर के शिव मंदिर अंधेरिया बाग धर्मशाला में चल रही श्रीराम कथा का समापन

*कथा के समापन पर कथाव्यास साध्वी दिवेशा भारती ने भगवान श्रीराम की महिमा का महत्व समझाया*

# ब्रह्मज्ञान के जरिए मानव जान सकता है भगवान श्रीराम की महिमा : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रादौर के शिव मंदिर अंधेरिया बाग धर्मशाला में चल रही श्रीराम कथा का समापन हो गया। श्रीराम कथा के समापन पर कथाव्यास साध्वी दिवेशा भारती ने भगवान श्रीराम की महिमा का महत्व समझाया। इस अवसर पर महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कथाव्यास साध्वी दिवेशा भारती ने फरमाया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के मार्गदर्शन में अयोध्या का राज्य सभी प्रकार से उन्नत था। क्या यही राम राज्य की वास्तविक परिभाषा है तो इसका जवाब है नहीं है।

यदि यही रामराज्य की सही परिभाषा है तो लंका भी तो भौतिक सम्पन्नता, समृद्धि, ऐश्वर्य, सुव्यवस्थित सेना में अग्रणी थी। लेकिन फिर भी उसे राम राज्य के समतुल्य नहीं कहा जाता है। क्योंकि लंकावासी मानसिक स्तर पर पूर्णतः अविकसित थे। उनके भीतर आसुरी प्रवृत्तियों का बोलवाला था। वहां की वायु तक में भी अनीति, अनाचार व पाप की दुर्गन्ध थी। जहां चारों ओर भ्रष्टाचार व चरित्रहीनता का ही सम्राज्य फैला हुआ था। राम के राज्य की बात सुनते ही अक्सर मन में विचार आते हैं कि राम राज्य आज भी होना चाहिए। कथाव्यास साध्वी दिवेशा भारती ने कहा कि वर्तमान समय में भी यदि हम ऐसे ही अलौकिक राम राज्य की स्थापना करना चाहतें हैं तो सर्व प्रथम प्रभु राम को जानना होगा।



यमुनानगर के रादौर स्थित शिव मंदिर अंधेरिया बाग धर्मशाला में चल रही श्रीराम कथा के समापन पर महाआरती करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

प्रभु राम का प्राक्ट्य अपने भीतर करवाना होगा। मगर हम अपनी संकीर्ण बुद्धि एवं लौकिक इन्द्रियों से त्रेता के इस युग प्रणेता को नहीं जान सकते। वह केवल अयोध्या के ही आदर्श संचालक नहीं थे. अपितु सम्पूर्ण सृष्टि के नियामक तत्व हैं। ऐसे ब्रह्मस्वरूप श्री राम जी को केवल ब्रह्मज्ञान द्वारा ही जाना जा सकता है। श्री राम हमारे हृदय में निवास करते हैं और उनका दर्शन केवल दिव्य नेत्र द्वारा होता है। जिसके बारे में हमारे सभी धार्मिक शास्त्रों में बताया गया है। परंतु जब तक हमें एक पूर्ण सद्गुरु द्वारा ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। तब तक हम ईश्वर का साक्षात्कार नहीं कर सकते। सद्गुरु दीक्षा देते समय इस दिव्य नेत्र को खोल देते हैं। जिसके खुलते ही जिज्ञासु अपने भीतर ईश्वर के वास्तविक रूप का प्रत्यक्ष दर्शन करता है। जब भीतर हृदय के सिंहासन पर राम विराजमान होते हैं। तब राम राज्य की स्थापना होती है। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती के साथ किया गया।

## खबर संक्षेप



### चेयरमैन ने गुमथला गढ़ू मंडी का किया निरीक्षण

**पिहोवा।** मार्किट कमेटी पिहोवा के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि खरीद केन्द्रों और मंडियों में किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इन खरीद केन्द्रों पर प्रशासन की तरफ से तमाम व्यवस्थाएं की गई है। अगर किसी किसान और व्यापारी को किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वह मौके पर अधिकारी या कर्मचारी अपनी समस्या का हल करवा सकता है या फिर उनसे सीधे सम्पर्क कर सकता है। चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच गुमथला गढ़ू मंडी में अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** जिला रैडक्रॉस शाखा कुरुक्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमेश चौधरी कार्यवाहक सचिव ने अपने संबोधन में बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम है, स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों, विज्ञान के साथ खड़े हों है। उन्होंने कहा कि जटिल बीमारियों का सामना करने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण कितने महत्वपूर्ण कहा जाता है कि स्वस्थ नागरिक ही किसी भी देश की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं।

### आश्वासन के बाद काम पर लौटे टिप्पर चालक

**कुरुक्षेत्र।** सुगम स्वच्छता कंपनी अधिकारियों के आश्वासन के बाद मंगलवार से डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले टिप्पर चालक व परिचालक काम पर वापस लौट आए। वेतन बढ़ाने व स्वास्थ्य बीमा दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर टिप्पर चालकों व परिचालकों ने हड़ताल कर दी थी। मंगलवार को सुगम स्वच्छता कंपनी द्वारा लिखित में आश्वासन दिए जाने के बाद टिप्पर चालक व परिचालक काम पर लौट आए।

### वर्तमान उपनिषद पर गहन चर्चा का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु धारा पंजाब के संयोजक आचार्य डॉ. मुनीश ने बताया कि समर्थगुरु धाम माधोपुर में अनेक साधकों ने अपने परिवार सहित भाग लिया है। समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में माधोपुर महोत्सव के प्रथम दिन वर्तमान उपनिषद पर गहन चर्चा का शुभारंभ हुआ। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरू ने बताया कि आत्मा केन्द्र की तरह है, मन परिधि की तरह है। आत्मा सूर्य की तरह है, मन उसकी किरण की तरह है। आत्मा निराकार है, मन आकार है। हमारे जीवन में जब सद्गुरु का आगमन होता है, यह गुरु कृपा है।

### कुवि में कार्यकारी परिषद की बैठक संपन्न, 24 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास

# महिला कर्मचारियों को एक वर्ष में 25 आकस्मिक अवकाश की मंजूरी

### आर्य गर्ल्स कॉलेज का नाम बदलकर आर्य कॉलेज, अंबाला कैंट करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रवेश द्वार।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक मंगलवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय समिति कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक, शैक्षणिक और नीतिगत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करते हुए उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विभिन्न विभागों में पदोन्नति, नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति, सेवा विस्तार तथा अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सबसे पहले 12 फरवरी 2026 को हुई कार्यकारी परिषद की पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उस पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसके बाद परिषद ने विभिन्न विभागों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए। कार्यकारी परिषद ने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार दलाल को सीनियर प्रोफेसर के पद पर तथा केमिस्ट्री विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजकमल को एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई। संगीत एवं नृत्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार को विभागाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। वहीं आईआईएचएस के बॉटनी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल गुप्ता के सीएएस के तहत प्रोफेसर पद के लिए पात्रता तिथि को पूर्व प्रभाव से लागू करने के संबंध में समीक्षा समिति की सिफारिशों को भी स्वीकृति दी गई। कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल ने बताया कि बैठक में हरियाणा सरकार के वित्त विभाग द्वारा अधिसूचित सिविल सर्विस रूल्स 2016 के अंतर्गत विश्वविद्यालय कीं महिला कर्मचारी अब एक कैलेंडर वर्ष के दौरान 25 आकस्मिक अवकाश लेने की पात्र होंगी, को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की निदेशक डॉ. (श्रीमती) किरण सिंह के कार्यकाल को सेल्फ-फाइनेंसिंग स्कीम के तहत बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

### केयू में 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 8 अप्रैल से विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र: थ्रू द एजेस विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली, श्रीमद भगवद गीता अध्ययन केंद्र, स्वदेशी शोध संस्थान, जिओ गीता तथा विजन कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की फंडिंग आईसीएचआर, नई दिल्ली द्वारा की जा रही है। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 8 अप्रैल, 2026 को प्रातः 10 बजे सीनेट हॉल में होगा। सम्मेलन के निदेशक एवं प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष प्रो. भगत सिंह ने बताया कि उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### समिति की सिफारिशों पर भी की चर्चा

नवप्रवेशित यूजी/पीजी नियमित, निजी तथा दूरस्थ शिक्षा एवं पीएच.डी. के छात्रों के लिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट जमा करवाने की अनिवार्यता समाप्त करते हुए डिजिटल रिकॉर्ड कीपिंग शुल्क लागू करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यकारिणी परिषद ने अंबाला कैंट स्थित आर्य गर्ल्स कॉलेज का नाम बदलकर आर्य कॉलेज, अंबाला कैंट करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में अनुसंधान परियोजनाओं के अनुदान और उनके उपयोग प्रमाण पत्रों से संबंधित समस्याओं की समीक्षा के लिए गठित समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा की गई। साथ ही विश्वविद्यालय में डॉ. एस. आर. रंगनाथन अवॉर्ड स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई। गौरतलब है कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से सेवानिवृत्त सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार जोशी द्वारा केयू एलुमनी फंड में तीन लाख रुपए की अनुदान राशि इस अवार्ड को स्थापित करने के लिए दी गई थी जिससे एमलिब प्रोग्राम के टॉपर विद्यार्थियों को हर वर्ष डॉ. एस. आर. रंगनाथन अवॉर्ड दिया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठतम उपमंडल अधिकारी (सिविल) राजपाल सिंह को कार्यकारी अभियंता(एक्सईन) के पद पर पदोन्नति देने की स्थापना समिति की सिफारिशों को भी मंजूरी दी गई।

## अप्रैल में लौटी ठंड: हल्की बारिश और बादलों से पारे में गिरावट



**थानेसर।** आसमान में छाए घने बादलों का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

अप्रैल माह के आरंभ से ही मौसम में उतार चढ़ाव जारी हो गया है। धर्मनगरी सहित पूरे उत्तर हरियाणा में एक शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में अप्रत्याशित ठंडक लौट आई है। मंगलवार प्रातः से ही बादल बने रहने और हल्की बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, जिससे सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस की जा रही है, जबकि दिन के बीच में हल्की धूप भी देखी गई। मौसम में ठंडक का कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर बर्फबारी बताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात के तापमान में अंतर (करीब 5-6 डिग्री) के साथ रातें ठंडी हो गई हैं। बुधवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24-48 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के बाद मौसम साफ होने और धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

### स्वास्थ्य हो सकता है प्रभावित

परामर्शक-फिजिशियन एवं हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ रोग डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली के अनुसार मौसम के उतार-चढ़ाव से वायरल इन्फेक्शन, फ्लू, सर्दी-जुकाम, गले में खराश और एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। यह इम्यूनिटी को कमजोर करता है, जिससे शरीर को तापमान के अनुकूल होने में मेहनत करनी पड़ती है, जो थकान और शरीर दर्द का कारण बनता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा ठंडी सुबह और गर्म दोपहर के कारण फेफड़ों में संक्रमण और अस्थमा के मामले बढ़ते हैं। बदलते मौसम में ठंडा-गर्म खाने या पीने से पेट की खराबी, गैस और अपच हो सकती है। अप्रैल में गर्मी के ट्रेंड को तोड़ते हुए ठंडे मौसम और और तेज हवाओं ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

## बेकसूर समर्थकों पर दर्ज मामले रद्द करने की अपील

- एसजीपीसी अध्यक्ष ने सिख संगत के साथ एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद



**शाहबाद।** जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिन्द्र सिंह धामी व सिख संगत।

शिरोमणी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिन्द्र सिंह धामी ने शाहाबाद के मीरी-पीरी इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साईंस एंड रिसर्च चेरिटेबल ट्रस्ट में पहुंचकर हजारों की संख्या में जुटी सिख संगत के साथ कुरूक्षेत्र के एसपी चन्द्र मोहन को ज्ञापन सौंपकर बलजीत सिंह दादूवाल और उनके समर्थकों पर एफ.आई.आर. दर्ज करने और मीर-पीरी ट्रस्ट के बेकसूर समर्थकों के खिलाफ दर्ज की गई एफ.आई.आर. को रद्द करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस से यह भी मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरार्वृति न हो इसकी व्यवस्था भी पुलिस को करनी चाहिए। एडवोकट हरिजन्द्र सिंह धामी ने कहा कि उन्हें न्याय प्रक्रिया व पुलिस प्रशासन पर विश्वास है कि उन द्वारा सौंपे गये ज्ञापन पर कार्रवाई जल्द की जायेगी अन्यथा जल्द ही सिख संगत की मौजूदगी में अगली रणनीति तय की जाएगी। इस अवसर पर एसीजपीसी के वरिष्ठ उपप्रधान रघुजीत सिंह विर्क, बलदेव सिंह कायमपुरी, हरकेश मोहड़ी, जगदेव सिंह गाबा सहित अन्य मौजूद रहे।

### निष्पक्ष रूप से की जाएगी पुलिस की कार्रवाई : एसपी

कुरूक्षेत्र के एसपी चन्द्र मोहन ने कहा कि वह पूरी संगत को आश्वस्त करते हैं कि इस मामले में जो भी कानूनी कार्रवाई बनती होगी वह निष्पक्ष रूप से की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला न्यायालय में पेंडिंग है और न्यायालय का जो निर्णय होगा वहीं लागू होगा। उन्होंने शांति और भाईचारा बनाये रखने के लिए सिख संगत का आभार व्यक्त किया।

## एफआरके के तैयार माल को उठाने और योजना को फिर से चालू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- फोर्टिफाईड राईस कार्यक्रम से जुड़े निवेशकों ने की आपात बैठक

देश में कुपोषण और पोषक तत्वों की कमी से लड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए फोर्टिफाइड राइस कार्यक्रम पर वर्तमान में अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। फोर्टिफाइड राईस कर्नेल (एफ.आर.के.) की खरीद में अचानक लगाई गई रोक के बाद इस योजना से जुड़े उद्योगों और निवेशकों में चिंता का माहौल है। इस समस्या को लेकर मंगलवार को के.डी.बी.रोड कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा एफ.आर.के. मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन कार्यालय में राज्य स्तरीय आपात बैठक हुई। एसोसिएशन के प्रधान रामनिवास बंसल की अगुवाई में इस योजना से जुड़े निवेशकों एवं कारोबारियों ने इस मामले में केंद्र सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। एसोसिएशन के महासचिव साहिल अग्रवाल ने कहा कि इस योजना के अचानक बंद होने से बड़े स्तर पर बेरोजगारी और भुखमरी बढ़ेगी। इन समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए एपदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि एफआरके द्वारा तैयार माल को उठाया जाए और सरकार द्वारा कारोबारियों को गाईडलाइन्स देकर इस योजना को फिर से चालू किया जाए जिससे फैक्ट्रियों में ताला लगाने की नौबत न आए।



### बेहतर स्वास्थ्य सफलता की कुंजी : डॉ.ममगाईं

**कुरुक्षेत्र।** स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग रहता है स्वस्थ रहने के लिए सिर्फ योग, एक्सरसाइज और खेल-कूद ही नहीं, सही खान-पान भी जरूरी है। अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है; अन्यथा तो हम अपने दिमाग को मजबूत और स्वस्थ नहीं रख पाएंगे। यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-चिकित्सक और हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली का।वे आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर परिसर में रोगियों, अभिवावकों, चिकित्स्कों एवं कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर साल 7 अप्रैल को दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस(वर्ल्ड हेल्थ डे)मनाया जाता है। यह दिन सिर्फ डॉक्टर या स्वास्थ्य कर्मियों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए खास संदेश लेकर आता है कि; सेहत ही सबसे बड़ी पूंजी है। स्वास्थ्य के प्रति सभी सचेत रहें, यही इसका परम उद्देश्य है।



## बच्चों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा द्वारा रंगारंग संगीतमय व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर स्कूल में किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए वनवासी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में हरको बैंक के डायरेक्टर सुभाष बेदी, मुख्य अतिथि श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, मुख्य संपर्क कार्यकर्ता प्रवीण ढोलके, विशिष्ट अतिथि गुरदयाल सुनेहडी ने शिरकत की। सुभाष बेदी ने कहा कि आज देशभर से आए बच्चों ने भारत की संस्कृति को दिखा कर सभी को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने वनवासी कल्याण समिति कुरुक्षेत्र की प्रशंसा की। उन्होंने अपने उदबोधन में कल्याण आश्रम द्वारा किए जा रहे राष्ट्र कल्याण के कार्यों की प्रशंसा की। समाज के समर्थ लोगों से आह्वान किया कि कल्याण आश्रम के राष्ट्र निर्माण के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों में संस्था का आर्थिक सहयोग करें। इस मौके पर असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से आए वनवासी बच्चों ने पिहू नृत्य, मराठी गीत, शिव ताडंव नृत्य, त्रिपुरी नृत्य, कुमायुं नृत्य, गढवाली नृत्य, योगा नृत्य आदि प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए।

## कुरुक्षेत्र व कैथल की टीमों के बीच आज होगा पोलो का रोमांचक मुकाबला



**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में, बुधवार को सांवला स्थित जिन्दल फार्म हाऊस में कुरुक्षेत्र और कैथल की टीमों के बीच एक रोमांचक पोलो मैच आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से फिट हरियाणाह्नअभियान को बढ़ावा देते हुए युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। दोनों टीम के खिलाड़ियों में नवीन जिन्दल, सिद्धार्थ शर्मा, महेश शर्मा, कृष्णा इंकिया, सलीम आजमी और अक्षय मलिक मुख्य खिलाड़ी के रूप से शामिल होने जा रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल हमेशा से युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने के पक्षधर रहे हैं। उनका मानना है कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह पोलो मैच मौसम को ध्यान में रखते हुए शाम 4:30 बजे से आरंभ होगा।



## गांव दर्रा खेड़ा में 12 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खेडा में लगभग 12.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव दर्रा खेडा में लगभग 12.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खेड़ा में लगभग 12.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

### अप्रवासी मजदूरों को गैस सिलेंडर की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी

**कुरुक्षेत्र।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले में एचपीसीएल की 6 एजेंसियों के पास 5 किलो के 194 सिलेंडर है, जबकि बीपीसीएल कंपनी की 9 एजेंसियों के पास 413, आईओसीएल की 12 एजेंसियों के पास 391 गैस सिलेंडर स्टॉक में है। इस प्रकार इस जिले में 5 किलो के गैस सिलेंडर कुल 998 स्टॉक में है। अप्रवासी मजदूरों को गैस सिलेंडर की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। अगर किसी अप्रवासी मजदूर को 5 किलो गैस सिलेंडर में कोई दिक्कत आ रही है तो सम्बन्धित अप्रवासी मजदूर विभाग के हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकता है। इस जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध करवाई जा रही है और प्रयास किया जा रहा है कि घरेलु गैस की बुकिंग निर्धारित समय पर हो रही है और होम डिलीवरी भी एजेंसी के माध्यम से की जा रही है, 6 अप्रैल को एजेंसियों के पास 4183 सिलेंडर स्टॉक में थे और 4383 सिलेंडर और प्राप्त हुए।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नवयुग स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

बच्चों को हैंड वॉश एक्टिविटी करवाई गई

# विद्यार्थियों को संतुलित आहार व स्वस्थ जीवन शैली के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। कक्षा प्री नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों द्वारा हैंड वॉश एक्टिविटी करवाई गई तथा उसका महत्व उन्हें बताया गया। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों को संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में विस्तार से समझाया गया। कक्षा षष्ठम से द्वादश के विद्यार्थियों के लिए विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एकादश के छात्र उमंग ने विश्व स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा ने बताया कि हर साल दुनिया भर में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।इस दिन विश्व भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों और स्वास्थ्य के अधिकार के बारे में जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा,प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, अध्यापिका मंजीत, रजनी, सीमा, नैन्सी, परमज्योति, नीतू, प्रीती, पंकज, पायल, मोनिका, रिहाना, हरिंदर, पूनम, आशा, स्मृति, रिया, अंजलि, कोमल, पिंकी, स्वाति, गीता, मधु, रेनू, कल्पना, परवेश, स्नेह, रुचिका, गुंजन, अध्यापक शक्ति प्रकाश, किरनजीत, जसमेर, हेमंत सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### गीता निकेतन में विद्यार्थियों ने रोल प्ले के माध्यम से स्वस्थ रहने के महत्व को बताया



**कुरुक्षेत्र।** एक स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में ही निवास करता है, और स्वस्थ शरीर एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता है। इसी प्रेरणादायक विचार के साथ गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने आज प्रातःकालीन सभा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली एवं रोचक प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने अपने रोल प्ले और प्रस्तुति के माध्यम से स्वस्थ रहने के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। साथ ही, उन्होंने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने की सामाजिक जिम्मेदारी को भी उजागर किया। इस प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने संपूर्ण स्वास्थ्य की देखभाल करने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### खेलकूद स्पर्धाओं में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**शहजादपुर।** स्वामी देवी दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, बागवाली में 11 और 13 अप्रैल को 'मिनी सृजन' के अंतर्गत "बैसाखीः हार्वेस्ट टू हेरिटेज" विषय पर दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैसाखी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक खेलों से जोड़ना है। उत्सव के पहले दिन 11 अप्रैल को खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। छात्राओं के लिए बैडमिंटन और खो-खो, जबकि छात्रों के लिए कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले कराए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना और शारीरिक क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। 13 अप्रैल को ध्वज मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बैसाखी के पारंपरिक रंग देखने को मिलेंगे। छात्राओं के लिए बैडमिंटन और खो-खो, जबकि छात्रों के लिए कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले कराए जाएंगे।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के तहत चौकी हाउसिंग बोर्ड की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक्टिवा चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मंगतू और काव्य, के रूप में हुई है। यहां से एक महिला के घर के बाहर से एक्टिवा चोरी हो गई थी। पीड़िता की शिकायत पर थाना अंबाला छावनी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से चोरीशुदा एक्टिवा जब्त की है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने न केवल हाउसिंग बोर्ड बल्कि थाना बलदेव नगर क्षेत्र में भी चोरी की एक अन्य वारदात को अंजाम दिया था जिसमें वे अब तक फरार चल रहे थे।

### 10 लाख की ठगी करने वाले काबू

**अंबाला।** पुलिस ने बिजली विभाग में नौकरी दिलाने और बिजली बिल आधा करवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान लवली और पंकज के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता सलिंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उसे बिजली बोर्ड में सरकारी नौकरी लगवाने और बिजली बिल कम करवाने का लालच दिया था। इस झांसे में आकर पीड़ति से 2 जनवरी 2024 से 22 मई 2025 के बीच किस्तों में कुल 10 लाख रुपये ठग लिए गए। काम न होने और पैसे वापस न मिलने पर पीड़ति ने पुलिस की शरण ली।22 मई 2025 को मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सघन जांच शुरू की। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी लवली ने अपने साथी पंकज की संलिप्तता का खुलासा किया। इसमें 6 अप्रैल 2026 को पंकज को भी दबोच लिया गया। आरोपी लवली के खिलाफ पहले भी थाना बलदेव नगर में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

### पेंशन अपडेट के नाम पर दस लाख की धोखाधड़ी

**अंबाला।** पेंशन अपडेट कराने के नाम पर रिटायर्ड रेलकर्मी घेलड़ी गांव के शमशेर सिंह से 10 लाख ठग लिए। शमशेर की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि 4 फरवरी को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उनकी पेंशन शुरू करने के लिए बैंक खाता अपडेट करना होगा। ठग ने उनके व्हाट्सएप पर रेलवे से संबंधित मैसेज भी भेजे। फिर मोबाइल पर ओटीपी भेजा और उसे नोट करवा लिया। इसके बाद आरोपी ने उनसे दूसरे बैंक खाते की जानकारी मांगी। शक होने पर उन्होंने अगले दिन व्हाट्सएप मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। पीड़ित ने बताया कि 9 फरवरी को जब एटीएम से पैसे निकालने गए तो एसबीआई खाते से 5-5 लाख रुपये की दो ट्रांजेक्शन के जरिये 10 लाख रुपये निकल चुके थे। पुलिस खातों की जानकारी निकलवाकर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## डीसी ने अधिकारियों को गैस की आपूर्ति पर नजर रखने के दिए निर्देश

# जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य पांच किलो के सिलेंडर उपलब्ध

लेबर को गैस की किल्लत नहीं होने दी जाएगी, पांच किलो के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में हैं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में गैस की आपूर्ति पहले की तरह समान रूप से जारी है। जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को पहले की तरह ही घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए टीमें लगातार फील्ड में रहकर कार्रवाई भी कर रही हैं। उपायुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, पीएनजी गैस कनेक्शन, रबी के सीजन गेहूं खरीद कार्यों, 5 किलो गैस के घरेलू सिलेंडरों की उपलब्धता, फसलों का सत्यापन, लिफ्टिंग, अटल कैंटीन इत्यादि विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इन विषयों के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इससे पहले वीसी के माध्यम मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी उपरोक्त विषयों पर जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



अंबाला। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारी।

### मुख्य सचिव को दी गेहूं खरीद की जानकारी

डीसी ने वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव को अवगत करवाया कि जिला में गेहूं फसल के सत्यापन के तहत लगभग 34168 किसानों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के तहत सत्यापन का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में सभी मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। अभी आवक कम है और बीते दो दिन में बारीश होने के चलते मंडियों में गेंहू भी कम आई है। सुरजमुखी की फसल की खरीद भी की जा रही है। मंडियों में किसानों व श्रमिकों के लिए अटल किसान मजदूर कैंटीन संचालित हैं। वहां पर गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है।

### लेबर को गैस आपूर्ति की नहीं आने दी जाएगी कमी

डीसी ने यह भी कहा कि 5 किलो के गैस सिलेंडर की भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में काम करने वाली लेबर के लिए क्षेत्र के लोगों ने आश्वत किया है कि वे लेबर को गैस आपूर्ति से किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने देंगे। इसके अलावा डीएफएससी विभाग द्वारा भी कैंप व अन्य गतिविधियों के माध्यम से 5 किलो गैस सिलेंडर की उपलब्धता के लिए ऐसे वर्गों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें नियमानुसार यह सिलेंडर भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों को बेहतर तरीके से करें ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक के दौरान बताया कि जिला में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के तहत स्थिति सामान्य है। उन्होंने कहा कि विभागों व एंजेसियों के प्रतिनिधियों को पहले से ही स्पष्ट निर्देश हैं कि वे नियम अनुसार उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य करें। उपायुक्त ने यह भी बताया कि मंडी एसोसिएशन व आढ़ती एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पहले से ही बैठक करके मंडी में खरीद व्यवस्था के तहत मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सभी अन्य व्यवस्थाएं बेहतर रहें यह कार्य भी कर लिया गया है। इसके अलावा लोगों को इलेक्ट्रिकल चुल्हे/इंडक्शन का भी प्रयोग करने बारे कहा जा रहा है। उइस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, एडीसी विराट, एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, शिवालिक बोर्ड से कार्यकारी अधिकारी पूजा, आरटीए सुशील कुमार, डीएफएससी निशांत, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



मुलाना। सिलेंडर स्कूल में ले जाते बच्चे।

# सरकारी स्कूल में बच्चों से सिलेंडर उठवाने का वीडियो हुआ वायरल

- स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में छात्रों से कराया गया भारी सिलेंडर उठाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने एक बार फिर सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां स्कूली बच्चों से गैस सिलेंडर स्कूल ले जाने जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार स्कूल के मुख्य द्वार पर सिलेंडर एजेंसी की गाड़ी से कर्मचारी सिलेंडर उतार रहा हैं। इसके बाद स्कूली वर्दी में छात्र उस भारी भरकम सिलेंडर को खुद पांव से धक्का देते हुए स्कूल परिसर के अंदर ले जाते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान स्कूल स्टाफ के सदस्य भी मौके पर मौजूद थे लेकिन किसी ने बच्चों को रोकने या स्वयं सिलेंडर उठाने की जिम्मेदारी नहीं निभाई। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि एक कर्मचारी बच्चों के साथ चलता नजर आता है लेकिन वह सिलेंडर उठाने के बजाय केवल साथ-साथ चलता रहता है। एक अन्य स्टाफ सदस्य भी वहां मौजूद है परंतु उसने भी बच्चों को ऐसा कार्य करने से नहीं रोका।

### मामले में लिया संज्ञान

खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही तुंरत स्कूल प्रिसिंपल से संपर्क कर मामले का समाधान करने को कहा है। स्कूली बच्चों से सिलेंडर उठवाना गलत है। जिम्मेदारी स्कूल प्रिंसिपल की बनती है। उनके संज्ञान में यह मामला नहीं था । उन्हें बोल दिया गया है आगे से इस प्रकार की घटना पर रोक लगाई जाए ।

# सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए किया प्रेरित, दाखिला रथ कई कॉलोनियों में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से शुरू किया गया दाखिला अभियान रथ दूसरे दिन भी पूरे उत्साह के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचा। अभियान की शुरुआत डीईईओ ज्योति सभरवाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सौंडा से हरी झंडी दिखाकर की गई थी। दूसरे दिन जिला एफएलएन समन्वयक विजेंद्र रेढू की टीम के साथ मिलकर अंबाला शहर के सेक्टर-8, सेक्टर-9, जंडली, कांवला, शास्त्री कॉलोनी, कुलदीप नगर, रंगिया मंडी, नेनेडा, घसीटपुर, रामबाग रोड, जैन की मंडी, सब्जी मंडी, महेश नगर, खोजकीपर, ब्राह्मण माजरा, बब्याल और करधान सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर अभियान चलाया। इस दौरान टीम के सदस्य प्रकाश गिल, मदन लाल, कृष्ण पूनिया, सतीश राणा, विनय रोहिल्ला और मुकेश शर्मा ने घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूल में बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और निपुण मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अंबाला-2 के प्रधान सरदार भगवंत सिंह और राज्य महासचिव राजेश शर्मा ने दाखिला अभियान टीम का फूल-मालाओं से स्वागत किया।



अंबाला। दाखिला अभियान के दौरान रथ के साथ आए संघ के पदाधिकारियों का अभिनंदन करते शिक्षक।

# अनाज मंडी में किसानों से संवाद करेंगे पूर्व सीएम हुड्डा : विधायक पूजा चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर किसानों के मुद्दों पर गरमाने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह कल 9 अप्रैल 2026 दिन वीरवार को दोपहर 2 बजे बराड़ा अनाज मंडी पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और सरकार की फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगे। मुलाना की विधायक पूजा चौधरी ने इस दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर बार नए नियम थोपकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर प्लेट अनिवार्यता, बॉयोमेट्रिक मिलान (अंगूठा/आंख स्कैन), गुणवत्ता के नाम पर अड़चनें और फसल पंजीकरण जैसे नियम पूरी तरह किसानों के विरोधी हैं। इन नियमों के चलते प्रदेश की अनाज मंडियों में लंबी कतारें लग रही हैं और किसान अपनी ही फसल बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में मंडियों में पहुंचे गेहूं का मिलान तक नहीं हो पा रहा जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। ऊपर से खराब मौसम ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, लेकिन सरकार किसानों की राहत के बजाय उन्हें नियमों के जाल में उलझा रही है। विधायक ने क्षेत्रीय समस्याओं को उठाते हुए बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में तीन नदियां बहती हैं। ये बरसात के समय बाढ़ का रूप ले लेती हैं और किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाती हैं।

### गेहूं पर बोनस की घोषणा की मांग



विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि इस बार ओलावृष्टि और बारिश से फसल को भारी नुकसान हुआ, लेकिन न तो स्पेशल गिरदावरी कराई गई और न ही मुआवजा दिया गया। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत गेहूं पर बोनस की घोषणा करें। फसल खराबे का मुआवजा दें। मंडियों में सभी व्यवस्थाएं द्रुरुस्त करे। साथ ही किसानों के रास्ते में खड़ी की गई सभी बाधाओं को तुरंत हटाया जाए ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी फसल बेच सकें। ऐसे में 9 अप्रैल को होने वाला यह दौरा न केवल किसानों के मुद्दों को लेकर अहम माना जा रहा है, बल्कि इससे प्रदेश की सियासत में भी नया मोड़ आने के संकेत मिल रहे हैं।



शहजादपुर। बच्चों को स्टेशनरी बांटते हुए संस्था के पदाधिकारी।

### गोविंदपुर में ईंट भट्ठों के पढ़ने वाले बच्चों को स्टेशनरी वितरित की

**शहजादपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला, गोविंदपुर में ईंट भट्टों पर काम करने वाले मेहनतकश लोगों के पढ़ने वाले एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्टेशनरी सामग्री एवं बिस्किट वितरित किए गए।यह सेवा कार्य मेरा स्वर्णिम भारत एवं सेवा हमारा सौभाग्य फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव गुप्ता द्वारा अपनी बेटी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर गौरव गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा जल्द ही उन बच्चों को स्कूल बैग भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य सुभाष, मेरा स्वर्णिम भारत के युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरज, फाउंडेशन के सदस्य विक्रम तथा विद्यालय की अध्यापिका सुमन विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस दौरान बच्चों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया और उन्हें साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# अमेरिका की बजाय मैक्सिकों के जंगलों में छोड़ा, वर्क परमिट के नाम पर 27 लाख ठगे

- पुलिस ने आरोपी एजेंट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




अमेरिका भेजने के नाम पर ठसका गांव के आशिक से 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोप है कि मैक्सिको में डोंकरों के हवाले कर दिया जहां उसे पीटा गया।

पुलिस ने एजेंट कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ठसका गांव के अकरम ने बताया कि उनका छोटा भाई आशिक मोहम्मद विदेश जाने का इच्छुक था। अगस्त 2024 में वह दीप छौकर के ऑफिस में एजेंट कुलदीप सिंह उर्फ दीप छौक्कर से मिले। कुलदीप ने आशिक को अमेरिका भेजने के लिए 45 लाख रुपये की मांग की और 2 लाख रुपये एडवांस ले लिए थे। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में आरटीजीएस और नकद के जरिए कुलदीप को करीब 27 लाख रुपये दिए गए। आरोप है कि दिसंबर 2024 में फ्लाइट भेजने के नाम पर आशिक को अवैध रास्ते से ले जाया गया। उसे अमेरिका के बजाय मैक्सिको के जंगलों में डोनकरों के पास छोड़ दिया गया। अकरम के पास व्हाट्सएप पर एक वीडियो आया, जिसमें उसका भाई हाथ जोड़कर रो रहा था और पीछे से विदेशी भाषा में बोलने वाले लोग उसे नग्न अवस्था में पीट रहे थे। एजेंट कुलदीप ने डोंकरों को और पैसे देने के नाम पर लाखों रुपये ओर ऐंठ लिए। बोल रहा था कि पैसे नहीं दिए तो वह भाई को मार डालेंगे। उसका भाई कभी अमेरिका के वर्क वीजा पर नहीं पहुंच सका। उसे अवैध तरीके से सीमा पार कराते समय पकड़ा गया। वहां की जेल में 3 महीने काटने के बाद 19 नवंबर 2025 को भारत डिपोर्ट कर दिया गया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



अंबाला। रिटायर्ड शिक्षिकाओं को विदाई देते सहयोगी। फोटो : हरिभूमि

### लंबी सेवा के बाद दो शिक्षिकाएं रिटायर सहयोगियों ने दी विदाई

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल की प्रबंधक समिति,प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सहयोगी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा निवृत्ति पाने वाली अध्यापिकाएं प्रेम ग्रोवर (मदर टीचर), संध्या जैन ने विद्यालय में व्यतीत किए हसीन पलों को सब ने स्मरण किया। प्रधानाचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने अध्यापकों द्वारा स्कूल को अपने जीवन के अमूल्य वर्षों का सहयोग देने व निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करने पर भूरी भूरी प्रशंसा की। सहयोगी शिक्षकों की ओर से भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान रजत जैन , उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन,प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन ने सेवानिवृत्त अध्यापकों को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न देकर शुभकामनाएं दी।

### बांगर के किसान जताएंगे पीएम मोदी का आभार

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने कहा कि बांगर के किसान पीएम नरेंद्र मोदी का किसान हित में निरंतर लिए जा रहे फैसलों पर चिट्ठी लिख कर आभार प्रकट करेंगे। किसान पीएम के साथ सीएम नायब सिंह सैनी का भी आभार करेंगे जो निरंतर किसान हित में फैसले ले रहे है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए जो किसान निधि शुरू की है उससे उन्हें देश का किसान सदियों तक याद रखेगा। उन्होंने इस योजना की तुलना चौ. देवीलाल द्वारा शुरू की गई बुजुर्ग पेंशन से की,जिससे समय के साथ वृद्धि हो रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने जो किसान निधि किसान को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए शुरू की थी उसमें निरंतर इजाफा होगा। देश के किसान पीएम नरेंद्र मोदी को सदियों तक याद रखेंगे।



गेहूं खरीद कार्यों की जांच करती विधायक शैली चौधरी।

### विधायक शैली चौधरी ने किया मंडियों का दौरा, खरीद कार्य को लेकर दिए निर्देश

**शहजादपुर।** कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने मंगलवार को नारायणगढ़ एवं शहजादपुर की अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी गेट पर स्थापित किसान सहायता केंद्र एवं ऑनलाइन गेट पास प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान विधायक ने किसानो एवं आढ़तियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मशीनरी एवं कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को गेट पास सहित अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सफाई, पेयजल, तोल व्यवस्था, फसल सत्यापन एवं बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

## विधानसभा में विधायक ने उठाई आवाज से जमीन पर उतरा विकास

# लखनौर साहिब में वीएलडीए कॉलेज को मिली रफ्तार, 5.17 करोड़ का वर्क ऑर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के लखनौर साहिब में वर्षों से अधर में लटका वीएलडीए (वेटरनरी एंड लाइव स्टॉक डेवलपमेंट असिस्टेंट) कॉलेज अब साकार रूप लेने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। इस परियोजना के लंबित निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 5 करोड़ 17 लाख रुपये का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसको लेकर क्षेत्र में आशा और उत्साह का वातावरण बन गया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अंबाला शहर से विधायक निर्मल सिंह ने इस महत्वपूर्ण प्रगति को अपनी सतत राजनीतिक प्रतिबद्धता और जनसरोकारों के प्रति समर्पित प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं बल्कि सिख समाज की एक बहुत पुरानी माँग थी जो पिछले काफी समय से लंबित चल रही थी। लखनौर साहिब गुरु गोबिंद सिंह की माता गुजरी का पैतृक गांव है।इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को अब साकार होने से कोई नही रोक सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय को उन्होंने न केवल कई बार सरकार के समक्ष उठाया, बल्कि हाल ही में विधानसभा के पटल पर भी पूरे तथ्यात्मक बल और दृढ़ता के साथ प्रस्तुत किया था। निर्मल सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार को यह एहसास कराया कि यह परियोजना केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जुड़ा हुआ एक आधार स्तंभ है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही इस कॉलेज के निर्माण कार्य को गति दी जाएगी और आवश्यक वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी—जिसका परिणाम अब सामने है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इससे पूर्व उन्होंने इस विषय पर सरकार को विस्तृत मांग पत्र सौंपकर इस परियोजना की आवश्यकता और महत्व को रेखांकित किया था। "यह संघर्ष केवल एक भवन के निर्माण का नहीं था, बल्कि उस विश्वास का था, जो क्षेत्र के युवाओं ने अपने प्रतिनिधि पर रखा।

### संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे : निर्मल सिंह

निर्मल सिंह ने कहा कि इस कॉलेज के पूर्ण होने से न केवल अंबाला, बल्कि पूरे हरियाणा में पशुपालन और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे। अब जिले के युवाओं को वीएलडीए की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अपने ही क्षेत्र में रहकर वे इस पेशेवर डिग्री को प्राप्त कर सकेंगे।